## खबर संक्षेप

### हनुमान जन्मोत्सव पर बजरंग दल निकालेगा शोभायात्रा

**उमरियापान।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल नगर उमरियापान द्वारा हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। आयोजन की तैयारियां कार्यकर्ताओं द्वारा जोर-शोर से शुरू कर दी गई हैं। कार्यक्रम का आयोजन नगर के प्राचीन बड़ी माई मंदिर परिसर में किया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर अखंड रामायण पाठ, हवन पूजन, भंडारा एवं विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। विशेष आकर्षण के रूप में निकाली जाने वाली भव्य शोभायात्रा में विभिन्न धार्मिक झांकियां शामिल रहेंगी, जो श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बनेंगी। शोभायात्रा बड़ी माई मंदिर से प्रारंभ होकर झंडा चौक, संन्यासी मंदिर, अथैया मोहल्ला, सोनी मोहल्ला, कटरा बाजार, आजाद चौक एवं न्यू बस स्टैंड होते हुए पुनः बड़ी माई मंदिर पहुंचेगी।

### जानलेवा हमले के फरार आरोपित को दबोचा

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर में पिछले माह हुए खूनी संघर्ष के मामले में फरार चल रहे आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि 6 फरवरी की रात लगभग 8:45 बजे घटना हुई थी। ट्रांसपोर्ट में काम करने वाले मजदूर सोनू चौधरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 5 अज्ञात युवक स्कूटी और मोटरसाइकिल से वहां पहुंचे। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से लोहे के टायर लीवर (रॉड) और डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में बीच-बचाव करने आए सहकर्मी माधव पाण्डेय को गंभीर चोटें आई थीं, जिन्हें उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने इस घटना में शामिल में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, जबकि पांचवां आरोपी अंकित उर्फ अनिकेत निषाद 22 वर्ष घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने फरार आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

### सिकमी तथा नाम में भिन्नता वाले किसानों के पंजीयन का दोबारा होगा भौतिक सत्यापन

**कटनी।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी से पहले नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने सिकमी/बटाईदार श्रेणी अंतर्गत तथा किसान के भू अभिलेख तथा किसान पंजीयन में दर्ज नाम में भिन्नता वाले किसानों के पंजीयन के पुनः सत्यापन को 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से पूरा करने के निर्देश जारी किये हैं। शासन द्वारा ई-उपार्जन पोर्टल पर दर्ज डाटा का रैंडम मिलान करने पर कई विसंगतियां पाई गई हैं। इसके बाद शासन ने सिकमी/बटाईदार और उन किसानों के पंजीयन का पुनः सत्यापन करने का फैसला लिया है, जिनके भू-अभिलेख और पंजीयन में दर्ज नाम में भिन्नता है। सत्यापन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार सिकमी/बटाईदार और नाम की भिन्नता वाले शत-प्रतिशत किसानों के डाटा का जमीनी सत्यापन करेंगे। जबकि अनुविभागीय अधिकारी तहसीलदारों द्वारा किए गए सत्यापन के कुल डेटा के 10 प्रतिशत डेटा की रैंडम जांच करेंगे। जब तक राजस्व विभाग का अमला इस डेटा का भौतिक सत्यापन नहीं कर देता, तब तक संबंधित किसान अपनी उपज बेचने के लिए पोर्टल पर स्लॉट बुकिंग नहीं कर पाएंगे।

### घर में घुसकर मारपीट

**कटनी।** बहोरीबंद थाना अंतर्गत ग्राम नीमखेड़ा के अनमोल जायसवाल 17 वर्ष ने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपियों ने एक राय होकर उनके घर में घुसकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 333, 296, 115(2), 351(2) के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

## जिले में मनमाने तरीके से चल रहा पानी का कारोबार, की जा रही मोटी कमाई

# शुद्धता की कसौटी पर कितना खरा है बोतलबंद पानी, जांच की नहीं है फुर्सत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में मिनरल वॉटर के नाम पर पानी बेचने का कारोबार चल रहा है। पानी कितना शुद्ध है और इसकी प्रोसेसिंग किस तरह से हो रही है इसकी जांच करने के लिए विभागीय अधिकारियों को फुर्सत नहीं है। कैम्पर और बोतल बंद पानी का कारोबार जिले में मनमाने तरीके से चल रहा है लेकिन अधिकारी पानी की गुणवत्ता तक की जांच नहीं कर रहे हैं। कई स्थानों से सादा पानी भरकर आरओ और मिनरल वाटर के नाम से बेचा जा रहा है। इस फर्जीवाड़े के जरिए कई मोटी रुपए कमा रहे हैं। गर्मी के दिनों में पानी के नाम पर वारे न्यारे हो जाते हैं।

लाइसेंस लेकर पानी का कारोबार करने वालों के अलावा भी कई जगहों पर पानी की पैकिंग के प्लांट खुल गए हैं। खाद्य विभाग और भारतीय मानक ब्यूरो के मापदंडों को खुला उल्लंघन करते हुए मनमाने ढंग से पानी का कारोबार कर रहे ये लोग आम जनता के स्वास्थ्य को भी खतरे में डाल रहे हैं। नियम तो यह भी है कि टैंकर से सप्लाई किया जाने



वाला पानी भी पहले जांच के दायरे से गुजारा जाएगा, लेकिन यहां तो टैंकर तो छोड़िए कैम्पर और बोतलबंद पानी की जांच भी नहीं की जाती। सूत्रों की माने तो आरओ के नाम पर कच्चा पानी बर्फ में ठंडा करके बेचा जा रहा है। इसी तरह पानी के पाउच और बोतलों का गोरखधंधा भी तेजी से चल रहा है।

### प्लांट के लिए लेना होता है लायसेंस

पानी के कारोबार के लिए कंपनी के रजिस्ट्रेशन और जमीन आदि की व्यवस्था के बाद मिनरल वाटर प्लांट के लिए लाइसेंस लेना होता है। इसके लिए आवेदन करना होता है। अधिकारी मौके पर जांच करते हैं। पानी का नमूना लेते हैं। फिर अनुमति पत्र देते हैं। यह पत्र जिला खाद्य विभाग के यहां देते हुए आवेदन करना होता है। औषधि प्रशासन विभाग भौतिक जांच के बाद प्लांट का लाइसेंस जारी करता है। स्थानीय स्तर पर भी अनुमति लेना पड़ती हैं।

चिकित्सकों के अनुसार पानी के यदि गुणवत्ता की सही से जांच नहीं हो रही है और यह दूषित है, तो इस प्रकार का पानी पीने से लोग कई प्रकार की बीमारियों का शिकार हो सकते है। दूषित पानी में अमीबा नामक एक कीटाणू होता है जो आंत में जाकर पेट को खराब कर देता है। इसके अलावा ई-कोलाई से लोग डायरिया का लोग शिकार हो सकते है। पीलिया व टायफाइड भी हो सकता है। साथ ही पाचन क्रिया भी प्रभावित हो सकती है।

### इन प्रक्रियाओं का पालन जरूरी

जानकारी के अनुसार मशीनों से जिस पानी को शुद्ध करके पीने लायक बनाया जाता है उसे आम भाषा में मिनरल वाटर कहते हैं। इस मिनरल वाटर को पैकेजिंग कर मार्केट में बेचा जाता है। यह बिजनेस शुरू करने के लिए पहले एक कंपनी या फर्म बनाई जाती है। कंपनी एक्ट के तहत इसका रजिस्ट्रेशन करवाना होता है। कंपनी का पैन नंबर और जीएसटी नंबर आदि की भी जरूरत होती है। वाटर प्लांट लगाने के लिए जमीन, बोरिंग, आरओ और चिलर मशीन व कैन आदि रखने के लिए 1000 से 1500 वर्ग फिट जगह होनी चाहिए। पानी के स्टोरेज के लिए टंकियों की भी व्यवस्था हो।

शहर के कई स्थानों में बोतलबंद पानी का कारोबार किया जा रहा है। जिस केन से ठंडे पानी की सप्लाई की जाती है, उसमें संस्था का नाम व आईएसआई सर्टिफाइड होने का मार्का लगा होना चाहिए, लेकिन पानी की सप्लाई करने वाले अधिकांश कारोबारियों की केन में इसका उल्लेख नहीं होता। कारोबारियों द्वारा साधारण तौर पर एक केन में सादा पानी भर कर सप्लाई किया जा रहा हैं। स्टेशन पर तो कई कंपनियों का बोतलबंद पानी बिक रहा है। यहां रेट से अधिक में पानी की बोतल बेची जाती हुई मिलीं। इन बोतलों पर ब्रांडेड कंपनियों के लोगो की कॉपी कर मिलते-जुलते नाम की चिट लगा दी जाती है। वहीं बाजार रेट से अधिक कीमत पर विक्रय किया जा रहा है।

## सड़क हादसों में दो व्यक्तियों की थमी सांसें, कई हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में कई लोग सड़क हादसे का शिकार हुये। इन हादसों में दो ने अपनी जान गवां दी जबकि कई घायल हुये हैं। पुलिस ने इन मामलों में अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बड़वारा थाना अंतर्गत अजीत ढाबा के पास मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार मोटरसाइकिल क्रमांक MP-54-ZC-9416 के चालक ने लापरवाही और खतरनाक तरीके से वाहन चलाते हुए 30 वर्षीय रज्जन सिंह निवासी ग्राम कटरा, ढीमरखेड़ा को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रज्जन सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी चालक के खिलाफ धारा 106(1) BNS और 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

इसी तरह कैमोर थाना क्षेत्र के ग्राम खिरवा नंबर 2 में भी एक व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जाता है कि लापरवाही पूर्वक मोटरसाइकिल चलाने के कारण वाहन असंतुलित होकर गिर गया। इस हादसे में श्याम कोल निवासी पौसरा, कुठला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। कोतवाली थाना अंतर्गत भी हादसे हुये। मिशन चौक रोड पर 18 वर्षीय उज्जवल द्विवेदी को वाहन क्रमांक MP-04-CQ-1108 के चालक ने लापरवाही से टक्कर मार दी। मिशन चौक क्षेत्र में ही एक अन्य हादसे में MP-21-MF-1984 के चालक ने शिवानी चौधरी 25 वर्ष की गाड़ी को टक्कर मार दी, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त् हो गया। हालांकि आवेदिका को कोई गंभीर चोट नहीं आई।

## मारपीट कर जान से मारने की धमकी

**कटनी।** कुठला थाना के ग्राम करहिया कला में पुरानी रंजिश को लेकर राकेश और भूरा कुशवाहा ने चरका कुशवाहा के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। ढीमरखेड़ा थाना के ग्राम झिन्नापिपरिया और कटरिया में भी विवाद के मामले सामने आए हैं, जहाँ मामूली बात पर गाली-गलौज और मारपीट की गई। वहीं बरही थाना क्षेत्र के छिंदहाई पिपरिया और बिचपुरा में भी आपसी रंजिश के चलते मारपीट की घटनाएं दर्ज हुई हैं। पुलिस ने रोहित पांडेय और मघ्घू कोल की शिकायतों पर मामला पंजीबद्ध किया है।

## रेत का अवैध परिवहन करने पर ट्रेक्टर ट्राली को किया गया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विजयराघवगढ़ वीरेंद्र धार्वे के मार्गदर्शन में अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खितौली पुलिस द्वारा अवैध रेत का खनन की सूचना पर ग्राम बड़ागांव धनवाही टोला रोड के पास अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर ट्राली पकड़े जिनमें से एक रेत सेभरा हुआ ट्रैक्टर लाल रंग का महिंद्रा कंपनी का बिना नंबर का एवं दूसरा रेत सेभरा हुआ ट्रैक्टर नीले रंग का सोनालिका कंपनी का बिना नंबर का पकड़ा



गया ।उक्त वाहनों को अवैध रूप से रेत का परिवहन करते पाए जाने पर समक्ष गवाहों के कब्जे में लेकर ट्रैक्टर ट्राली जप्त की गई तथा आवश्यक कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर ट्राली को सुरक्षित चौकी परिसर में खड़ा कराया गया

कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार चौबे चौकी खितौली प्रभारी ऋषभ सिंह बघेल ,आरक्षक अंकित , सैनिक श्यामनारायण मोहन यादव भूमिका रही।

## वीरासन देवी के जवारा विसर्जन जुलूस में रही श्रद्धालुओं की भीड़

**सिलौंडी।** मां वीरासन देवी मंदिर के ज्वारे विसर्जन देखने को जनसैलाब उमड़ा। जिले ही नहीं आस पास के जिले से भी बहुत अधिक संख्या में लोग मां वीरासन देवी मंदिर दर्शन को पहुंचे और मां वीरासन देवी के ज्वारे विसर्जन को देखा। हर वर्ष की तरह इस बार भी मुख्य पुजारी ने वाना छेदकर मां वीरासन देवी की महा आरती किया और कांटो के झूले में झूला । श्रद्धालुओं को मां की आस्था का भाव आया ।नवरात्र के प्रथम से अंतिम दिवस तक सेवा भारती कटनी से रोज भंडारा का आयोजन किया जिसमें हजारों भक्त ने प्रसाद ग्रहण किया ।



## दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किये गये



संकल्प से समाधान के जिला स्तरीय शिविर में 20 हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण किया गया। जिसमें सामाजिक सुरक्षा पेंशन की स्वीकृति, संबल योजना कि अनुग्रह सहायता राशि का स्वीकृति पत्र और पीएम स्वनिधि योजनांतर्गत दो हितग्राहियों को ऋण का प्रपत्र प्रदान किया गया। इसी प्रकार 10 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किए गए। साथ ही संकल्प से समाधान कार्यक्रम में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शासकीय कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## विद्यार्थियों को एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन एवं जैविक कृषि उत्पाद प्रमाणीकरण का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में विद्यार्थियों को जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण द्वारा दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण के क्रम में विद्यार्थियों को कीट एवं रोग नियंत्रण के लिए एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई फसल चक्र खेतों की साफ-सफाई तथा फसल अवशेष नष्ट करना, प्रतिरोधी जातियों का चयन, बुवाई के समय तथा बोने की दूरी में परिवर्तन, अंतरवर्तीय फसल पद्धति, बीज उपचार, पोषक तत्व प्रबंधन, जल प्रबंधन एवं यांत्रिक विधियों द्वारा कीट नियंत्रण के लिए



चिपचिपा बोर्ड प्रकाश प्रपंच फैरोमैन ट्रेप जैविक विधियों के अंतर्गत परजीवी, परभक्षी तथा रोगाणु आदि विधियों से कीट एवं रोग नियंत्रण का कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग के अंतर्गत तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जैविक कृषि उत्पादन प्रमाणीकरण के अंतर्गत प्रमाणीकरण की आवश्यकता, प्रक्रिया एवं भारत में प्रमाणीकरण तंत्र की जानकारी दी गई। इसके अंतर्गत कृषि उत्पादन प्रसंस्करण पैकेजिंग परिवहन तथा वितरण प्रणाली का प्रमाणीकरण किया जा सकता है प्रमाणीकरण के लिए मानकों का ज्ञान अनुपालना प्रक्रिया प्रलेखन योजना निरीक्षण प्रमाणीकरण शुल्क आदि का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

**एनकेजे पुलिस ने की कार्यवाही, 153 सिम कार्ड किये गये जब्त**

## फर्जी तरीके से सिम कार्ड एक्टीवेट करने वाले दो जालसाजों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एनकेजे पुलिस ने दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है जो दूसरों के दस्तावेजों एवं फोटो का उपयोग कर मोबाइल सिम कार्ड एक्टीवेट कर रहे थे। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक (मुख्या.) रत्नेश मिश्रा के दिशा मार्गदर्शन में थाना प्रभारी एनकेजे उप निरी रूपेन्द्र राजपूत एवम साइबर सेल द्वारा की गई।

पुलिस को डिपार्टमेंट ऑफ टेली कम्युनिकेशन के माध्यम से जानकारी मिली कि फर्जी मोबाइल सिम धारको का डाटा प्रदाय किया



गया है जिनमें एक ही व्यक्ति के चेहरे/Unique Face पर कम से कम 50 एवं उससे अधिक की संख्या से मोबाइल नंबर (सिम कार्ड) नाम एवं पता बदल बदल कर एक्टीवेट कराये गये है।

सायबर सेल से प्राप्त प्रपत्रो एवं कैफ रिपोर्ट के अवलोकन पर ज्ञात हुआ कि ग्राम सिमरा निवासी एजेंट सतीश साहू के साथ मिलकर बृजेश साहू के द्वारा स्वंय के फायदे के लिये फर्जी तरीके से अन्य व्यक्तियों के अलग अलग पहचान पत्रो का उपयोग करके छलपूर्वक अपने चेहरे की फोटो लगाकर , दस्तावेजो का गलत इस्तेमाल कर फर्जी तरीके अपनाकर सिमकार्ड चालू कर रहे थे। उक्त दोनो आरोपियो का कृत्य प्रथम दृष्टया अपराध धारा 419,420, 471,34 ताहि. का अपराध घटित करना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना दौरान आरोपी सतीश साहू व बृजेश साहू को ग्राम सिमरा से घेराबंदी की गई उपस्थित मिलने पर अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ की गई जो घटना को अंजाम देना स्वीकार किये आरोपियो को कारण बताते हुए विधिवत गिरफ्तार किया गया । दोनो आरोपियो से फर्जी सिम एक्टीवेट करने के संबंध मे विस्तृत पूछताछ की जा रही है अभी तक आरोपियो द्वारा एक्टीवेट किये गये करीबन 200 फर्जी सिमो कार्डो का उपयोग के संबंध मे व इनसे जुडे साइबर फ्राड नेटवर्को व अपराधिक गतिविधियो की जानकारी के संबंध में आरोपी गड़ो से पूछताछ की गई है ।जिन्हे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जिला जेल कटनी में निरूद्ध किया गया है ।

## साधुराम स्कूल में तीन दिवसीय पुस्तक एवं गणवेश मेला का हुआ शुभारंभ

# शिक्षा और विज्ञान ही विकास का आधार, ये हमारी प्राथमिकता में होनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

संकल्प से समाधान अभियान का जिला स्तरीय शिविर शनिवार को साधुराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हुआ। इस अवसर पर पुस्तक एवं गणवेश मेला का भव्य शुभारंभ भी किया गया। इस दौरान विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहें। उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए विधायक जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि शासन की योजनाओं का लाभ हर पात्र हितग्राही को मिले। उन्होंने कहा कि कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के नेतृत्व में प्रशासनिक अमले ने संकल्प से समाधान अभियान के दौरान हितग्राहियों को लाभान्वित करने के मामले में उत्कृष्ट प्रयास किया।



विधायक जायसवाल ने कहा कि सरकार समाज के सभी वर्गो के कल्याण के लिए संकलपित है। उन्होंने कहा कि सरकार सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं, लाडली बहना योजना, किसान सम्मान निधि का लाभ दे रही है। और आवासहीनों को आवास प्रदान कर रही है। उन्होंने पुस्तक और गणवेश मेले का आयोजन करने के लिए जिला प्रशासन की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा और विज्ञान हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। शिक्षा हमें अधिकारों के बारे में जागरूक करती है। शिक्षा विकास का मूल मंत्र है। उन्होंनें नागरिकों से आग्रह किया कि समय-समय पर शासन द्वारा आयोजित किये जाने वाले स्वास्थ्य शिविरों में पहुंच कर अपना स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य कराएं।

इस मौके पर कलेक्टर तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिले में 12 जनवरी से 31 मार्च तक संकल्प से समाधान अभियान के दौरान 22 विभागों के 106 सेवाओं के प्राप्त 70 हजार से अधिक आवेदनों का निराकरण किया गया और पात्र व्यक्तियों को हितलाभ प्रदान किया गया। कलेक्टर ने कहा कि पुस्तक एवं गणवेश मेला के यहां आयोजन से छात्रों, अभिभावकों व पालकों को एक ही स्थान पर पुस्तक, कॉपियां, ड्रेस व अन्य शैक्षणिक सामग्री मिल सकेगी। उन्होंनें छात्रों से कहा कि अच्छे से मन लगा कर पढें. व आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि पुस्तक मेला का आयोजन शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले किया गया है ताकि सभी को वाजिब दाम पर पुस्तक और कापियॉ उपलब्ध हों सकें।

साधुराम स्कूल में लगे पुस्तक एवं गणवेश मेला में कलेक्टर श्री तिवारी ने भ्रमण कर सभी स्टालों का निरीक्षण किया और दुकानदारों से चर्चा कर यहां मिल रहे। प्रतिसाद के बारे में जानकारी ली सभी दुकानदारों ने कहा कि उन्हें छात्रों और अभिभावकों से बेहतर रिस्पोंस मिल रहा है। पुस्तक स्टॉल निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्वयं पुस्तक खरीदा और दुकानदारों को इसका डिजिटल भुगतान भी किया। पुस्तक मेला में अपनी मां के साथ के साथ पहुंचे छात्र अनादि से कलेक्टर ने संवाद किया और कहा कि अनादि आप के नाम का क्या अर्थ हैं। इसी प्रकार छात्र से किस कक्षा में और स्कूल पढ़ते है। इसकी भी जानकारी लिया।

## महाविद्यालय में पूजा -अर्चना कर की गई सुख समृद्धि की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

जगत जननी आदिशक्ति की पावन भक्ति का पर्व चैत्र नवरात्र का शुक्रवार को समापन हो गया। इन नौ दिनों तक भक्त मातारानी की भक्ति मै लीन रहे। शुक्रवार को नवरात्र की नवमी तिथि पर देवी मन्दिरो मैं भारी भीड़ पूजा अर्चना व दर्शनार्थ के लिए पहुँची।नवमी तिथि पर माँ सिद्दिदात्री की पूजा अर्चना करने भोर होते ही देवी-देवालयों मैं जल चढ़ाने भक्तो का सैलाब उमड़ा। मातारानी को जल अर्पित कर, अठवाई चढ़ाई व पूजा अर्चना कर परिवार की खुशहाली के लिए सुख समृद्धि की कामना की गई।

### महाविद्यालय रहा भक्तिमय

चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि पर स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में



भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के तहत भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित किया गया जहाँ मातारानी की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गईं इसके साथ देवी आराधना कर भक्तिमय देवी गीत गाये गये। छात्र -छात्राओं के द्वारा देवी भगत,संकीर्तन पाठ, रामायण पाठ सहित विविध धार्मिक कार्यक्रम किये गए।इस दौरान प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय,डॉ किरण खरादी, डॉ प्रीति यादव,डॉ शैलेन्द्र जाट,डॉ भारती यादव,अनिल शाक्य, अंजना पांडेय सहित महाविद्यालय स्टॉफ व छात्र -छात्राओं की उपस्थिति रही।

खबर संक्षेप

### बदमाशों की हुई पहचान, शीघ्र होगी गिरफ्तारी

**कटनी।** डन कॉलोनी में गत सुबह एक महिला की सोने की चैन छीनकर चंपत हुए बाइक सवार दो बदमाशों की पुलिस ने पहचान कर ली है और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं। गौरतलब है कि उमरिया की रहने वाली हामना खातून अपने पुत्र गुलाम नवी के साथ डन कॉलोनी स्थित डॉ. सौरभ चौधरी के क्लिनिक में इलाज के लिए आई थीं। कल सुबह जब वह अस्पताल के बाहर टहल रही थीं, तभी घात लगाए बैठे दो बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चेन खींच ली। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी तेजी से वहां से रफूचक्कर हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस एक्टिव हो गई। सीएसपी नेहा पच्चीसिया ने बताया कि घटना के बाद से ही पुलिस की अलग-अलग टीमें मामले की जांच में जुटी हुई थीं। पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें आरोपियों की तस्वीरें नजर आई हैं। इन्हीं फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपियों का सुराग लगा लिया है। आरोपियों की धरपकड़ के लिए घेराबंदी कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### विवाहिता द्वारा खुदकुशी के मामले में पति पर अपराध पंजीबद्ध

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम पड़खुरी नया मोहल्ला में एक विवाहिता द्वारा फांसी लगाने की घटना के मामले में पुलिस जांच में यह तथ्य सामने आया कि मृतिका पति द्वारा लगातार दी जा रही शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना से परेशान थी। पुलिस के अनुसार ग्राम पड़खुरी निवासी नंदनी कोल 22 वर्ष ने अपने घर में आत्मघाती कदम उठाया। घटना के बाद से ही पुलिस मामले की सूक्ष्मता से जांच कर रही थी। जांच के दौरान यह पाया गया कि मृतिका का पति दुर्गेश कोल उसे छोटी-छोटी बातों पर प्रताड़ित करता था। आरोपी द्वारा दी जा रही लगातार मानसिक और शारीरिक यातनाओं से तंग आकर आखिरकार नंदनी ने मौत का रास्ता चुन लिया। विजयराघवगढ़ एसडीओपी वीरेन्द्र धार्वे के नेतृत्व में हुई जांच के बाद, पुलिस ने मृतिका के पति दुर्गेश कोल को इस घटना का जिम्मेदार माना है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है।

### अमकुही स्थित दालमिल में घुसे चोर, हजारों की सामग्री किया पार



**कटनी।** शहर में बढ़ती वारदातों को रोकने एवं बदमाशों की धरपकड़ के लिए पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान के बाद भी चोरी की घटनायें आये दिन हो रही है। माधवनगर थाना अंतर्गत अमकुही स्थित एक दाल मिल को चोरों ने अपना निशाना बनाया है। चोरों ने न केवल कीमती सामान पर हाथ साफ किया, बल्कि अपनी पहचान छुपाने के लिए सीसीटीवी कैमरे का रिकॉर्डिंग डिवाइस भी चुरा ले गये। जानकारी के अनुसार एमजी एग्रो दाल मिल अमकुही के संचालक दिलीप कुमार राजपाल ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। प्रार्थी ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि 26 मार्च की रात अज्ञात चोरों ने मिल परिसर में वारदात को अंजाम दिया और सामग्री चोरी करके ले गये। शिकायतकर्ता ने बताया कि चोरों ने मिल से भारी मात्रा में कॉपर (तांबे) का तार, सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर, जियो एयर फाइबर डिवाइस चोरी करके ले गये जिसकी कीमत लगभग 20,000 रुपये आंकी जा रही है। चोरों ने डीवीआर को इसलिए निशाना बनाया ताकि उनकी कोई भी फुटेज पुलिस के हाथ न लग सके। पुलिस ने शिकायत पर मामला पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस आसपास के अन्य सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों के माध्यम से चोरों की तलाश में जुटी है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले भर के थाना क्षेत्रों में चला विशेष अभियान

# बदमाशों की शामत: पूरी रात सड़कों में पुलिस ने की कदमताल, कई गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिले भर में बढ़ती अपराधिक गतिविधियों एवं बदमाशों की धरपकड़ के लिये पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकममर्मा के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया गया। जिले भर के थाना एवं चौकी क्षेत्रों में पुलिस ने वृहद 'कॉम्बिंग गश्त' अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कई वारंटियों को दबोचा गया। निगरानी बदमाशों की जांच कर सख्त हिदायत दी गई। हालांकि पुलिस के तमाम प्रयासों के बाद भी जिले में चोरी, लूट की वारदातें कम नहीं हो पा रही हैं।

एसपी अभिनय विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में CSP नेहा पच्चीसिया सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी और 15 थानों के प्रभारियों ने 180 से अधिक पुलिसकर्मियों के साथ रात भर जिले के चप्पे-चप्पे पर दबिश दी। पुलिस द्वारा चलाए गए इस विशेष अभियान के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।

अभियान के दौरान पुलिस ने 19 स्थाई वारंटियों को दबोचने में सफलता पाई जो लंबे समय से फरार चल रहे थे। इसके अतिरिक्त, न्यायालयों द्वारा जारी किए गए 33 गिरफ्तारी वारंटों को तामील कराते हुए संबंधित आरोपियों को हिरासत में लिया गया। अपराधियों के मन में खौफ पैदा करने के उद्देश्य से पुलिस टीमों ने 73 निगरानी बदमाशों और सूचीबद्ध गुंडों के ठिकानों पर अचानक दबिश देकर उनकी भौतिक उपस्थिति जांची और गतिविधियों का सत्यापन किया। कानून व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए पुलिस ने 130 समन एवं जमानती वारंट भी तामील कराए। वहीं अवैध नशे के कारोबार पर प्रहार करते हुए आबकारी एक्ट के तहत 31 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए।

## बदमाशों के घरों में दी दबिश

शांति व्यवस्था में खलल डालने की आशंका को देखते हुए बीएनएसएस की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 99 व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई, ताकि आगामी त्योहारों के दौरान जिले में अमन-चैन बना रहे।बदमाशों के घर 'सरप्राइज विजिट'गश्त के दौरान पुलिस टीमों ने 40 निगरानी बदमाशों और 33 सूचीबद्ध गुंडों के घरों पर अचानक दबिश देकर उनके सत्यापन की कार्रवाई की।

पुलिस ने अपराधियों को सख्त लहजे में चेतावनी दी कि यदि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की शांति भंग करने की कोशिश की गई, तो उन पर कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाईचेकिंग के दौरान केवल वारंटियों को ही नहीं पकड़ा गया, बल्कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भी शिकंजा कसा गया। पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर कार्रवाई की। साथ ही, शांति व्यवस्था प्रभावित करने की आशंका पर BNSS की विभिन्न धाराओं के तहत 100 से अधिक लोगों पर प्रतिबंधात्मक शिकंजा कसा गया है।

# श्रमिक परिवारों को दी गई 3.22 करोड़ रूपये की सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के अंतर्गत कटनी जिले के 148 श्रमिक परिवारों के बैंक खाते में 3 करोड़ 22 लाख रूपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम अंतरित किया।

संबल योजना के अंतर्गत जिले में सामान्य एवं दुर्घटना मृत्यु के प्रकरणों में मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा जनपद पंचायत कटनी के 20 हितग्राही परिवारों को 42 लाख रूपये, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के 30 हितग्राही परिवारों को 66 लाख रूपये, जनपद पंचायत बड़वारा के 24 हितग्राही परिवारों को 46 लाख रूपये, जनपद पंचायत रीठी के 14 हितग्राही परिवारों को 32 लाख रूपये, जनपद पंचायत बहोरीबंद के 30 हितग्राही परिवारों को 68 लाख रूपये, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के 9 हितग्राही परिवारों को 22 लाख रूपये की राशि प्रदान की गई। इसके अलावा नगर निगम कटनी के 16 हितग्राही परिवारों को 36 लाख रूपये, नगर परिषद विजयराघवगढ़ के 2 हितग्राही परिवारों 4 लाख रुपये और नगर परिषद बरही के 3 हितग्राही परिवारों को 6 लाख रूपये की राशि प्रदान की गई।

संबल योजना, प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए महत्वपूर्ण योजना है। अनुग्रह सहायता के अंतर्गत दुघर्टना में मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रूपये प्रदान किये जाते हैं। इसी प्रकार स्थायी अपंगता पर 2 लाख रूपये एवं आंशिक स्थायी अपंगता पर 1 लाख रूपये और अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5 हजार रूपये प्रदान किये जाते हैं। संबल योजना में महिला श्रमिक को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार रूपये, श्रमिकों के बच्चों को महाविद्यालय शिक्षा प्रोत्साहन योजना में उच्च शिक्षा का सम्पूर्ण शिक्षण शुल्क राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है।

### अभ्यर्थियों का पुनः परीक्षण 6 से 17 अप्रैल तक

**कटनी।** अपर संचालक लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा भोपाल ने बताया कि महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (ए.एन.एम.) वर्ष 2023 परीक्षा के अंतर्गत अपात्र घोषित अभ्यर्थियों का पुनः परीक्षण 6 अप्रैल से 17 अप्रैल तक (अवकाश दिवसों को छोड़कर) किया जाएगा।

स्लीमनाबाद क्षेत्र में जगह जगह स्थापित प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन

# नम आंखों से दी मां दुर्गा को विदाई, प्रतिमाओं का निकला चल समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

नौ रात, नौ दिन माई, दशम दिन विदाई, विसर्जन की बेला आई इस बिरह गीत के साथ क्षेत्र में मां दुर्गा को विदाई दी गई। विसर्जन जुलुस में मां के भक्त डीजे की धुन पर थिरकते चल रहे थे। जगह-जगह उन पर अबीर और गुलाल की बौछार हो रही थी।

यह नजारा स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र मे शनिवार को चल समारोह देखने को मिला।देर रात तक दुर्गा प्रतिमाओं को विसर्जित करने का क्रम चला। इसके पहले श्रद्धालुओं ने हवन, पूजन किया और आहुति देकर विश्व कल्याण की कामना की। जगह जगह कन्या पूजन,कन्या भोज के साथ विशाल भंडारा आयोजित हुए।चल समारोह देर शाम निकला जिसका जगह जगह स्वागत हुआ। नवरात्रि के अवसर पर खरखरी न. 2 में देवी जागरण कार्यक्रम आयोजित हुआ ।जहां गायिकाओं के द्वारा देवी भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी गई जिससे लोग मंत्रमुग्ध हो गए।

## अखाड़ों के कलाकारों ने दिखाए करतब

चल समारोह में अखाड़ों के कलाकारों ने जगह-जगह करतब दिखाए। इस दौरान बच्चों, युवाओं और बुजुर्ग कलाकारों ने अनेक स्थानों पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। यह देखने के लिए जगह-जगह लोगों की भीड़ लगी रही।चल समारोह का नजारा देखने के लिए जगह-जगह लोगों की भीड़ लगी हुई थी। अनेक स्थानों पर लोगों का मजमा लगा हुआ था। लोग घरों की छतों पर खड़े होकर चल समारोह का इंतजार कर रहे थे। जैसे ही चल समारोह गुजर रहा था, छतों से लोग पुष्पवर्षा कर रहे थे। आसपास से भी कई लोग इस चल समारोह को देखने के लिए पहुंचे थे।

## जुलूस मार्ग एवं घाटों में व्यवस्थाओं के लिए जुटा रहा अमला



जवारा विसर्जन पर्व के दौरान नगर निगम प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए शहर में व्यापक एवं सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के प्रयास जारी रहे। देर रात तक निगम का अमला विभिन्न विसर्जन घाटों, जुलूस मार्गों एवं प्रमुख चौराहों पर मुस्तैदी के साथ तैनात रहा और व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए अपने दायित्वों के निर्वहन में जुटा रहा। निगम प्रशासन द्वारा धार्मिक आयोजनों के मद्देनजर सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति एवं यातायात समन्वय जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं को प्राथमिकता दी गई। इन प्रयासों के चलते श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। विसर्जन घाटों पर विशेष साफ-सफाई के साथ अस्थायी जल कुंडों का निर्माण किया गया। साथ ही पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए आवश्यक प्रबंध किए गए। कार्यक्रम के समापन के पश्चात भी निगम टीम द्वारा त्वरित रूप से सफाई कार्य कर क्षेत्र की स्वच्छता बनाए रखी गई।

बकाया वसूली को लेकर निगम प्रशासन ने की बड़ी कार्यवाही

# बकाया कर जमा नहीं करने पर तीन दुकानों में नगर निगम ने जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



वित्तीय वर्ष की समाप्ति के सीमित बचे चार दिवसों में बकाया करों की वसूली को लेकर नगर निगम प्रशासन द्वारा सख्त रुख अपनाते हुए शनिवार प्रातः एक और बड़ी कार्यवाही की गई है। निगम स्वामित्व की बस स्टैंड परिसर में संचालित तीन दुकानों पर लंबे समय से कर बकाया होने के चलते कार्रवाई करते हुए ताला लगा दिया गया।

राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि बकाया वसूली को लेकर बस स्टैंड की जिन तीन दुकानों में कार्यवाही की गई है उनमें दुकान नंबर 62 के आवंटी पर अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक कुल 16 हजार 989 रूपये बकाया थी। इसी प्रकार दुकान नंबर 9 के आवंटी पर अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक की किराया राशि 17 हजार 866 रूपये जमा नहीं की जा रही थी। जबकि दुकान नंबर 47 के आवंटी द्वारा जनवरी 2025 से मार्च 2026 की बकाया किराया राशि 9 हजार 850 रूपये निगम कोष में जमा नहीं की गई थी। निगम प्रशासन द्वारा संबंधित दुकानदारों को पूर्व में कई बार नोटिस जारी कर बकाया राशि जमा करने हेतु सूचित किए जाने तथा हाल ही में शासन द्वारा 31 मार्च तक प्रदत्त की जा रही लोक अदालत की छूट की जानकारी दिए जाने के बावजूद भी बकाया किराया राशि का भुगतान नहीं किए जाने पर यह कार्रवाई की गई है।

निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति निकट होने के कारण बकाया करों की वसूली हेतु अभियान लगातार जारी रहेगी। करदाताओं से अपील की गई है कि वे समय पर अपने बकाया करों का भुगतान कर अनावश्यक कार्रवाई से बचें।

दूसरे चरण के लिये 6 अप्रैल से 10 जून तक कर सकेंगे आवेदन

# शासकीय छात्रावासों में इस वर्ष प्रवेश प्रक्रिया की पूरी तरह होगी ऑनलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राज्य शिक्षा केंद्र, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित शासकीय छात्रावासों में वर्ष 2026 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस वर्ष विभाग ने प्रवेश प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया है। इसके लिए एजुकेशन पोर्टल 3.0 के माध्यम से विशेष ई-हॉस्टल प्रबंधन प्रणाली विकसित की गई है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका एवं बालक छात्रावासों में विशेष रूप से वंचित वर्ग के बालक-बालिकाओं को उच्च प्राथमिक स्तर की शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पारदर्शी ऑनलाइन प्रवेश प्रणाली प्रारंभ की गई है।

ई-हॉस्टल प्रबंधन प्रणाली एक समेकित डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसे आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया, सीट आवंटन, अभिलेख संधारण और प्रशासनिक कार्यों को ऑनलाइन एवं पारदर्शी तरीके से संचालित करने के लिए विकसित किया गया है। ई-हॉस्टल प्रबंधन प्रणाली विशेष रूप से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) टाइप-I एवं टाइप-III तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस (एनएससीबी) बालक/ बालिका छात्रावासों के पारदर्शी प्रबंधन और उनमें प्रवेश की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकसित की गई है। https://educationportal3.in पर जाकर करना होगा आवेदनछात्रावासों में कक्षा 6वीं एवं अन्य कक्षाओं की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए विद्यार्थी प्रथम चरण में 30 मार्च 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रथम चरण के बाद सीट्स रिक्त रहने की स्थिति में द्वतीय चरण के आवेदन की प्रक्रियि शुरू होगी। यह 06 अप्रैल से 10 जून 2026 तक चलेगी।

छात्रावास में प्रवेश के लिए अभिभावकों, विद्यार्थियों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। यह आवेदन एमपी ऑनलाइन कियोस्क सेन्टर के माध्यम से स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर जाकर करना होगा। इसके साथ ही यदि किसी अभिभावक/पालक/विद्यार्थी को आवेदन फॉर्म भरने में किसी प्रकार की समस्या आती है, तो वे संबंधित वार्डन के सहयोग से भी आवेदन फॉर्म भर सकते हैं।

छात्रावासों में लक्ष्य के अनुसार 50, 100, 150, 175, 200, 220 तथा 275 सीटें उपलब्ध हैं। कक्षा 6 से 8 तक की बालिकाओं को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (टाइप-I) एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावासों में प्रवेश दिया जाता है। वहीं कक्षा 6 से 12 तक की बालिकाओं को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (टाइप-III) में प्रवेश की पात्रता होती है।

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में छात्रावास की मार्गदर्शिका के अनुसार 75 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्ग की बालिकाओं के लिए निर्धारित हैं, जबकि 25 प्रतिशत सीटें गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) जीवन-यापन करने वाले परिवारों की बालिकाओं के लिए आरक्षित हैं।

राम जन्म होते ही गूंजे जयघोष, मंदिरों में हुई महाआरती, गाये बधाई गीत

# रामनवमी पर निकली शोभयात्रा, लघु वृंदावन धाम दीपों से हुआ जगमग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



कौशिल्या नन्दन प्रभू श्रीराम का जन्मोत्सव शुक्रवार को बड़े ही श्रद्धा, भक्ति ,जोश व उत्साह के साथ धूम-धाम से मनाया गया। रामनवमी के अवसर पर शुक्रवार को सुबह से ही मंदिरो में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।लघु वृन्दावन धाम बांधा इमलाज में दोपहर में प्रभू का जन्म होने के साथ ही समूचा मंदिर परिसर राम नाम के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। भगवान राम के जन्मोत्सव पर उनका पूरे विधान के साथ अभिषेक किया गया। इसके बाद विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई और भव्य आरती का आयोजन किया गया। भगवान के जन्म के शुभ अवसर पर महिलाओं ने गीत गाए।जन्म लये रघुरैया, अवधपुर में बाजे बधाइया।चला चली देखन अवध बहार ,रामजी जन्म लये है रे जैसे एक से बढ़कर एक बधाई गीत गाये गए। मंदिर परिसर में बड़ी तादाद में प्रभू की एक झलक पाने उत्सुक नजर आए। प्रभू की आरती के बाद सभी को प्रसाद वितरण किया गया।

लघु वृंदावन धाम से शोभायात्रा निकाली गई।देर शाम दीपो की रोशनी से लघु वृंदावन धाम जगमगा उठा ।इस दौरान नवनीत चतुर्वेदी, महेश पाठक,अर्पित अवस्थी, सीताराम मिश्रा, द्वारका मिश्रा, बाल्मीक मिश्रा,मनोज पाठक, कृष्णकांत पांडेय,ओमप्रकाश दुबे, सतेंद्र त्रिपाठी, रिंकू दुबे,उमेश पाठक सहित अन्य जनो की उपस्थिति रही।

स्लीमनाबाद के प्रसिद्ध हरिदास ब्रजधाम कोहका में मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सब पूर्ण श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। दोपहर साढ़े बारह बजे आतिशबाजी ढोल नगाड़ों की ध्वनियों के बीच भए प्रगट कृपाला दीनदयाला कौशल्या हितकारी के उदघोष सुनाई देने लगे। खचाखच भरे मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने भगवान की स्तुति गाई तदुपरांत बधाई गीत गाये गए।। मंदिर प्रांगण में शुरू हुआ बधाई गीतों का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। घर घर होत बधाए ,ललना राम अवधपुर आए की प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।

बहोरीबन्द के मरही माता मंदिर मे भी रामलला का भव्यता व धूमधाम के साथ जन्मोत्सव मनाया गया।चहुंओर हुई जय-जय श्रीराम की गूंज हुई व मंगलमय बधाई गीत गाये गए।प्रभु राम जी की पूजा अर्चना कर आरती की गई इसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

# राजस्व वसूली की लक्ष्यपूर्ति के लिये घरों में दस्तक दे रही निगम की टीम, शिविरों का भी हो रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर निगम द्वारा करों की वसूली के लिए एक ओर जहां शिविरों का आयोजन किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर गठित टीम घर घर पहुंच रही है।

करदाताओं को बकाया कर जमा करने में किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े इस हेतु नगर निगम कार्यालय सहित दो जोन कार्यालय माधव नगर एवं दुर्गा चौक खिरहनी के अलावा मुख्य बाजार क्षेत्रों सुभाष चौक और बस स्टैंड पुलिस चौकी के पास विशेष शिविरों का आयोजन किया जाकर शेष करदाताओं को छूट के सुनहरे अवसर से लाभान्वित करने की कार्यवाही की जा रही है।

इसके अतिरिक्त बकाया करों की छूट से अधिक से अधिक करदाताओं को लाभान्वित करने हेतु निगम की वसूली टीम सक्रियता के साथ घर घर दस्तक अभियान के तहत नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के बकायेदारों से संपर्क किया जाकर छूट एवं 1 अप्रैल 2026 से लगने वाली पेनल्टी की जानकारी दी जाकर बकाया करों को 31 मार्च के पूर्व जमा करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। वहीं निगम निगम के अधिकारियों का सामूहिक दल भी अभियान चलाकर बड़े बकायेदारों से संपर्क कर ठोस कार्यवाही करते हुए बकाया करों की राशि निगम कोष में जमा कराने के प्रयासों में जुटा है।

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने बताया कि यह निर्णय 15वें वित्त आयोग की शर्तों एवं प्रदेश की आर्थिक वृद्धि (GSDP) को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि मार्च माह में राजस्व वसूली को गति मिल सके। आपने शहर के सभी करदाताओं से आग्रह किया है कि 31 मार्च तक दी जा रही इस विशेष छूट का लाभ अवश्य उठाएं और 1 अप्रैल से लगने वाली पेनल्टी से बचें।

## खबर संक्षेप

### हर्ट अटैक से हुई कर्मचारी की मौत

**दमोह।** शनिवार को दमोह जिले के देहात थाना क्षेत्र में स्थित माइसेम सीमेंट फैक्ट्री के इमलाई यूनिट में कंपनी के एक कर्मचारी की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। जिस घटना पर फैक्ट्री प्रबंधन ने अपना गहरा दुख जताते हुए बताया कि ये घटना हमारी कंपनी के लिए अपूरणीय क्षति है। हमने अपना एक अनुभवी कर्मचारी खो दिया है। जिसकी भरपाई करना संभव नहीं है। कर्मचारी जो कि गोविंद अहीरवाल है जो इमलाई ग्राम का ही निवासी बताया गया है। जो फैक्ट्री के क्वालिटी विभाग में अपनी सेवाएं दे रहा था।

### भगवान श्री महावीर स्वामी जी का जन्म कल्याणक महोत्सव 30 मार्च को

**दमोह।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं विद्या शिरोमणि आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के आशीर्वाद से जैनधर्म के चौबीसवे तीर्थंकर, वर्तमान शासन नायक, अहिंसा के अवतार भगवान श्री महावीर स्वामी जी का जन्म कल्याणक महोत्सव 30मार्च 2026 चैत शुक्ल तेरस संवत 2083 सोमवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रातः प्रभात फेरी, भक्तामर महामंडल विधान ,पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, ऋद्धि कलश, आरती,महावीर पूजन, विधान होगा। श्रीजी का पालना झुलाया जाएगा। दोपहर में शिखर मंदिर से श्री जी की विमान शोभायात्रा निकाली जाएगी। विद्या भवन में धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। सायंकाल भक्तामर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती होगी। कुण्डलपुर क्षेत्र कमेटी ने श्रद्धालु भक्तों से कुण्डलपुर पधारकर धर्मलाभ अर्जित करने का अनुरोध किया है।

### संयुक्त सचिव का दमोह दौरा 30 मार्च को

**दमोह ।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव और केंद्रीय प्रभारी अधिकारी, अजीत कुमार 30 मार्च 2026 को दमोह जिले का दौरा करेंगे। यह दौरा 'आकांक्षी जिला कार्यक्रम' के अंतर्गत विकास कार्यों की समीक्षा के लिए किया जा रहा है। आप 30 मार्च को प्रातः 11 बजे दमोह आयेंगे। दोपहर 12 बजे से 02 बजे तक जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित में शामिल होंगे। दोपहर 02 से 03 बजे तक का समय रिजर्व रखा गया हैं। बैठक के बाद अपरान्ह 03 बजे फील्ड विजिट के माध्यम से विकास कार्यों का जमीनी निरीक्षण भी करेंगे। शाम 06:30 बजे जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

सीसी रोड निर्माण का किया भूमिपूजन, खेर माता मंदिर में नवनिर्मित टीन शेड का लोकार्पण

# पथरिया विधानसभा में शत प्रतिशत सिंचाई का लक्ष्य- राज्यमंत्री श्री पटेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मेरे जीवन में जो भी उपलब्धियाँ मिली हैं, वे खेरमाता माँ के आशीर्वाद का परिणाम हैं। जब विधायक नहीं थे, तब भी क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए निरंतर सोचते रहते थे। अपने बैंकिंग कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय भी लोगों की मदद करने की इच्छा थी, लेकिन व्यापक स्तर पर जनकल्याण के लिए राजनीतिक मंच आवश्यक है, बिना राजनीतिक शक्ति के जनता की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाना संभव नहीं है, इस आशय के विचार प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री लखन पटेल ने पथरिया स्थित खेर माता मंदिर में नवनिर्मित टीन शेड के लोकार्पण के दौरान व्यक्त किये। राज्यमंत्री लखन पटेल ने ग्राम जोरतला एवं बेलखेड़ी में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन किया। उन्होने कहा कि आने वाले समय में पथरिया विधानसभा का हर गाँव पूर्ण रूप से सिंचित होगा, चार प्रमुख सिंचाई परियोजनाएँ पहले ही पूर्ण हो चुकी हैं और शेष कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। फतेहपुर सेक्टर के 24 गाँवों को केन-बेतवा लिंक परियोजना से जोड़ने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, जिससे क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा। उन्होने कहा 23 गाँवों की 18,501 हेक्टेयर भूमि को सिंचित करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा दुनयधाम योजना की घोषणा की गई है। इस योजना का प्रस्ताव तैयार होकर आगे बढ़ चुका है, जिससे क्षेत्र में कृषि विकास को नई दिशा मिलेगी। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि वे क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष अशोक पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष सुंदर लाल विश्वकर्मा, मंगल कुशवाहा, पूर्व जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष राजेन्द्र गुरू, सुखई दाउ सहित जनपद अध्यक्ष खिलान अहिरवार, योगेश चौधरी, संदीप चौरसिया, नरेन्द्र सराफ, देवेन्द्र बाकड़ा, प्रीतम पटेल सहित बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे। इस दौरान राज्यमंत्री श्री पटेल नें मंदिर में पूजन अर्चन कर क्षेत्र और प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की और कन्या भोज में कन्याओं को भोजन परोसा साथ भोजन प्रसादी ग्रहण किया।

## राज्यमंत्री श्री लोधी ने निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन



**जबेरा।** विधानसभा क्षेत्र जबेरा के विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के द्वारा इस समय क्षेत्र में विकास की गंगा बहाई जा रही है उसी क्रम में शनिवार की सायं विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नोहटा मंडल के ग्राम कुलुवा (मौसीपुरा) में 65 लाख रुपये की लागत से निर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया। इसके साथ ही आदिवासी ग्राम भैंसखार में 25 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन तथा 23.87 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भूमि पूजन भी किया। इस अवसर पर मंत्री लोधी ने कहा कि इस स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण से न केवल ग्रामवासियों बल्कि आसपास के गांवों के लोगों को भी उपचार की सुविधा मिलेगी। पहले लोगों को इलाज के लिए नोहटा या जबेरा जाना पड़ता था, जिससे समय और पैसे दोनों की अतिरिक्त लागत आती थी, लेकिन अब यह सुविधा गांव में ही उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि जबेरा विधानसभा में स्वास्थ्य क्षेत्र में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। जनपद जबेरा में लगभग 13 उप स्वास्थ्य केंद्रों तथा चौपरा में भी एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया जा रहा है। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुमन उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष नोहटा सत्यपाल सिंह, बीएमओ डी.के. राय, जनपद सीईओ रामेश्वर पटेल, सचिव लाल सिंह यादव, मंडल उपाध्यक्ष गनपत लोधी, उमराव सिंह लोधी, मुडारी सरपंच नरेंद्र लोधी, बाबू आदिवासी, संतोष पुरोहित सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्राम वासियों की उपस्थिति रही ।

# खेत में काल बनकर गिरी बिजली की चिंगारी गेहूं की तैयार फसल जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



थाना क्षेत्र अंतर्गत चौरई इलाके में शनिवार दोपहर एक बड़ा हादसा सामने आया, जहां बिजली का तार टूटने से खेत में खड़ी गेहूं की तैयार फसल में आग लग गई। फायर वहां जब तक पहुंचा देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और लगभग 2 एकड़ में फैली फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, किसान श्यामलाल घोसी और चन्नू घोसी के खेत में यह घटना हुई। अचानक बिजली का तार टूटकर खेत में गिरा, जिससे चिंगारी उठी और सूखी फसल ने तुरंत आग पकड़ ली। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलती गई और कुछ ही समय में पूरे खेत को अपनी चपेट में ले लिया। आग की ऊंची लपटें देखकर आसपास के किसानों और ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की भरसक कोशिश की, लेकिन आग इतनी तेज थी कि उस पर काबू पाना संभव नहीं हो सका। इस घटना में न केवल गेहूं की फसल नष्ट हुई, बल्कि खेत में रखे कृषि उपकरण भी जलकर खाक हो गए। इस हादसे से प्रभावित किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। किसानों का कहना है कि यह उनकी सालभर की मेहनत थी, जो कुछ ही मिनटों में खत्म हो गई। घटना के बाद क्षेत्र के किसानों में दहशत का माहौल है। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है, ताकि उनके नुकसान की भरपाई हो सके। साथ ही ग्रामीणों ने मांग की है कि बिजली विभाग ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए।

## जवारे विसर्जन के साथ चैत्र नवरात्र पर्व का समापन




**मडियादो।** बुंदेलखंड अंचल में चैत्र नवरात्र पर्व पर आस्था और विश्वास का अद्भुत संगम देखने मिलता है, लोग भक्ति भाव से ज्वारा विसर्जन के लिए निकलते, हजारो की संख्या में श्रद्धालु और माताएं बहिनें सिर पर ज्वारे लेकर मन्दिर पंहुचती हैं,ज्वारे विसर्जन के साथ चैत्र नवरात्र पर्व का समापन हुआ। शुक्रवार शाम से मड़यिादो बस्ती के मुख्य मार्गो से माता रानी के ज्वारे निकले,जिसमें माताओं बहिनो ने सिर पर ज्वारे रखकर शीतला मन्दिर पँहुचे और जोगी डाबर नाला में विसर्जन किया गया। सेकड़ो की संख्या में युवा अपने मुंह मे वाना छिदाकर भक्तिभाव से चल समारोह में शामिल होते और माता रानी के भजनों पर गाते झूमते मन्दिर पँहुचे और व्रत परायण किया। शुक्रवार रात 11 बजे तक चले समारोह में मडियादो थाना प्रभारी प्रीति पांडे पुलिस बल के साथ मौजूद रही, शांतिपूर्ण आयोजन संपन्न हुआ।

# सूने घर में हुई लाखों की चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



थाना पुलिस द्वारा क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात का सफल खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किया गया माल बरामद किया गया है। दिनांक 23 मार्च को प्रार्थी अभिषेक पिता खूबनारायण उपाध्याय, उम्र 42 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 11, पंचवटी मंदिर के पास, तेंदूखेडा द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 19 मार्च से 22 मार्च के मध्य अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके सूने घर में प्रवेश कर गोदरेज अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी चोरी कर ली गई है। उक्त रिपोर्ट पर थाना तेंदूखेडा में अपराध क्रमांक 146/26 धारा 331(4), 305 (ए) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया एवं एसडीओपी तेंदूखेडा श्रीमती अर्चना अहीर के मार्गदर्शन में थाना तेंदूखेडा पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण, आसपास के लोगों से पूछताछ एवं संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी एकत्र कर तकनीकी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी की पहचान की गई। पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए आरोपी रामकुमार उर्फ कुल्ले पिता गुड्डा रैकवार, उम्र 30 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 09, भटरिया, तेंदूखेडा जिला दमोह को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की घटना स्वीकार की, जिसके पश्चात उसके कब्जे से चोरी गए सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए गए। जप्तशुदा माल में सोने का एक रानीहार, दो चैन वाले मंगलसूत्र, पांच जोड़ी कान के टॉप्स, एक जोड़ी झुमका, चार सोने की अंगूठियां तथा पांच जोड़ी चांदी की पायलें शामिल हैं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 6 लाख रुपये है।

इस सफल कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक रावेन्द्र सिंह बागरी, प्रधान आरक्षक बृजेश तिवारी, सालिम खान, आरक्षक नीरज नामदेव, विशाल बैन, शैलेन्द्र बघेल, रणधीर सिंह दांगी, राममिलन घोषी एवं विजय दीक्षित का सराहनीय योगदान रहा। थाना तेंदूखेडा पुलिस द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार की आपराधिक गतिविधियों पर सतत एवं सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन



**दमोह।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार जैन की गरिमामयी उपस्थिति और दिशा निर्देशन तथा कार्यक्रम का संचालन प्रभारी डॉ. मीरा माधुरी महंत एवं सहप्रभारी डॉ. राहुल कुमार दुबे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा जागरूकता रैली जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में 30 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर जल संरक्षण के महत्व को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिताओं के परिणामों में स्लोगन प्रतियोगिता में सुषमा लोधी, निबंध प्रतियोगिता में राजकुमारी लोधी, तथा भाषण प्रतियोगिता में जेसिका (श्रंलेपां) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. जैन द्वारा विद्यार्थियों को जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को जल बचाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने का संदेश दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जल गंगा अभियान 2026 में सहभागिता रही।

# युवा किसान ने कलौंजी की खेती से दिखाई नई राह

**दमोह।** सरकार खेती को लाभ का धंधा बनानें की दिशा में लगातार काम कर रही है, सरकार ने इस वर्ष को किसान कल्याण वर्ष भी घोषित किया है, शासन की नीतियों और विभागीय अधिकारियों की सक्रियता से किसान पारंपरिक फसलो के साथ ही अन्य फसले भी ले रहे है। जिले में खेती की तस्वीर अब धीरे धीरे बदलती नजर आ रही है। लंबे समय से गेहूं, चना और सोयाबीन जैसी परंपरागत फसलों पर निर्भर रहे किसान अब औषधीय और वैकल्पिक फसलों की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। इसी बदलाव की एक सशक्त मिसाल दमोह जिले की ग्राम पंचायत खड़ेरी युवा कृषक आकाश शक्ति पटेल द्वारा देखने को मिल रही है, जहां किसान ने कलौंजी की खेती शुरू कर कृषि नवाचार की दिशा में नया प्रयोग किया है। खेती में लगातार बढ़ती लागत और परंपरागत फसलों में घटते मुनाफे के चलते औषधीय खेती किसानों के लिए एक बेहतर विकल्प वनकर उभर रही है। बटियागढ़ क्षेत्र में कलौंजी की खेती का यह प्रयास न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक साबित हो सकता है, बल्कि अन्य किसानों को भी नई फसलों की ओर प्रेरित कर रहा है। कलौंजी की प्रमुख मंडी नीमच मानी जाती है। वर्तमान में नीमच मंडी में कलौंजी का भाव 20 हजार से 30 हजार प्रति क्विटल तक बताया जा रहा है। इस बाजार भाव को देखते हुए किसानों को इस फसल से परंपरागत फसलों की तुलना में कहीं अधिक मुनाफा मिलने की उम्मीद है। यदि उत्पादन अनुमान के अनुरूप रहा, तो कम रकबे में भी अच्छी आमदनी संभव है। ग्राम पंचायत खड़ेरी के किसान आकाश पटेल ने बताया कि आयुष विभाग के जिला अधिकारी राजकुमार पटेल के मार्गदर्शन में एक एकड़ भूमि में कलौंजी की खेती कर नया प्रयोग किया है। किसान के अनुसार, कलौंजी एक महत्वपूर्ण औषधीय फसल है, जिसकी बाजार में सालभर मांग बनी रहती है। सही तकनीक और देखभाल के साथ एक एकड़ से 4 से 5 क्विटल तक उत्पादन की संभावना रहती है।

## मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष आज और कल दमोह प्रवास पर

**दमोह।** मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह 28 एवं 29 मार्च को दमोह जिले के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे 28 मार्च शनिवार की रात्रि 11 बजे राज्यरानी एक्सप्रेस से दमोह पहुंचेंगे, जहां रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में होगा। 29 मार्च रविवार को प्रातः 9:30 बजे डॉ. श्री सिंह बांदकपुर पहुंचकर भगवान जागेश्वर नाथ के दर्शन करेंगे। इसके पश्चात वे प्रातः 11 बजे जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं अन्य अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डॉ. सिंह प्रातः 11:45 बजे स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा दोपहर 12:30 बजे एकता चेतना समारोह में शामिल होंगे। इसके उपरांत वे दोपहर 2:50 बजे शालीमार-भुज एक्सप्रेस द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवक गंभीर रूप से घायल, पुलिस ने किया मामला दर्ज....

# रामनवमीं के जुलूस में युवाओं ने किया चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर में विगत शुक्रवार की रात्रि रामनवमी पर्व पर नगर में समस्त हिंदू समाज द्वारा उमंग उत्साह के साथ निकाली गई विशाल शोभायात्रा के दौरान कुछ उपद्रवियों द्वारा दो अलग-अलग घटनाओं में गाली गलौज करते हुए चाकुओं से हमला किए जाने के घटनाक्रम सामने आए हैं जिसमें हटा पुलिस ने अलग-अलग आवेदकों की शिकायत पर आरोपियों पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज घटना की जांच की जा रही है। घटना के संबंध में थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक सुरेश पिता करने यादव बालाजी वार्ड हटा निवासी द्वारा शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि अपने दोस्तों के साथ मंदिर मस्जिद चौराहे के पास रामनवमी का जुलूस देख रहा था उसी दौरान मनोज राय और कमलेश साहू मिले जो मनोज राय हाथ में चाकू लिया था मैने उससे मजाक में कहा कि चाकू किसको मारने को लिये हो तब वह व उसका दोस्त गंदी गंदी गालियां देने लगे गालियां देने को मना किया तो मनोज राय ने मुझे सिर में पीछे तरफ चाकू से मार दिया जिससे सिर से खून बहने लगा और कमलेश साहू पीछे से लात घूसों से मारपीट कर दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जैसी पुलिस द्वारा तुरंत ही इलाज हेतु उसे बेला अस्पताल हटा भेजा गया। फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी मनोज राय कमलेश साहू के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 की धारा 296(b) 115 (2), 118(1), 351(2), 3(5) के तहत मामला दर्ज कर घटना की जांच कर आरोपियों की तलाश जा रही है।

**सेंट्रल बैंक के पास हुई दूसरी घटना:** वही रामनवमी शोभायात्रा समारोह में दूसरी घटना में शिकायतकर्ता नवोदय वार्ड ककराई निवासी 16 वर्षीय छात्र रुद्राक्ष पिता प्रशांत दुबे ने पुलिस थाना में शिकायत करते हुए बताया कि सेंट्रल बैंक के पास से निकल रहे रामनवमी के जुलूस देखने के दौरान अमित ठाकुर ने मुझे जोर से धक्का दे दिया। जो मैं नीचे गिर गया उसके साथ में उसका भाई दीपक और शिवम साहू था जो तीनों गंदी गंदी गालियाँ देकर मारने लगे तो वहाँ पर उपस्थित लोगों ने बीच बचाव कर दिया। तभी घटना की जानकारी मैंने अपने पिता प्रशान्त दुबे को फोन दी और घर जाने लगा तो फिर रास्ते में यूनियन बैंक के सामने दीपक ठाकुर, अमित ठाकुर हाथ में पाईप में लगे साईकिल के चैन व्हील से बना हथियार लिये रास्ते में रोककर लात-घूंसों से मारपीट कर जमीन पर पटक कर हथियार से वार कर दिया जिससे पैर में चोटें आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। फरियादी की रिपोर्ट पर हटा पुलिस ने आरोपी अमित ठाकुर उसके भाई दीपक ठाकुर एवं शिवम साहू के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 की धारा 126(2), 296(b), 115(2), 351(2), 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज कर घटना की जांच कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। घटना के संबंध में उल्लेखनीय है कि हिंदू सनातन धर्म की आराध्य देव भगवान श्रीराम की जन्मोत्सव रामनवमी पर नगर में निकल गई विशाल शोभा यात्रा के दौरान नाबालिक एवं अधिकांश युवा वर्ग शराब के नशे में तलवार एवं अन्य हथियार लहराते हुए डीजे पर भीड़ में नाचते हुए दिखाई दे रहे थे जिससे इस प्रकार की घटनाएं देखने व सुनने मिल रही है इन सभी घटनाओं पर प्रतिबंध लगाने सभी हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों के साथ हम सबकी जवाबदारी भी बनती है जिससे युवा वर्ग संस्कारित रहकर अपने धर्म एवं अनुशासन का पालन कर बड़ों का सम्मान कर अपने कार्यक्रमों को सफल बनाएं, जिससे इस प्रकार की घटनाएं घटित ना हो।

## आनंद धाम में भव्य खप्पर महाआरती, कन्या भोजन एवं विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



जबेरा की शमीपस्थ पुरे न हाऊ स्थित श्री आनंद धाम में चैत्र नवरात्रि के समापन अवसर पर शनिवार की सुबह जबेरा स्थित आनंद धाम में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर पीठाधीश्वर दंडी स्वामी नर्मदानंद सरस्वती ( रंजीतानंद )जी महाराज के सानिध्य में भगवती मैया की भव्य खप्पर महाआरती संपन्न हुई। महाआरती के दौरान पूरा परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा और हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर मां भगवती की आराधना की। आराधना के उपरांत मां के भक्तों के द्वारा मां के जय कारे लगाये गये जिससे एक बार पुनः पूरा क्षेत्र धार्मिक आस्था में डूब गया। महा आरती के पश्चात दंडी स्वामी श्री नर्मदानंद जी महाराज के द्वारा माता रानी को 56 प्रकार के भोग अर्पित किए गए। महाभोग के पश्चात कन्या पूजन कर कन्याओं को भोजन कराया गया तथा कन्याओं को यथोचित दक्षिणा दी गई इसके उपरांत शुरू हुआएवं विशाल भंडारे का कार्यक्रम जो देर रात तक चलता रहा, विशाल भंडारे में, बड़ी संख्या में संपूर्ण जबेरा क्षेत्र एवं आसपास के जिलों के मां के भक्तों एवंश्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ अर्जित किया। उल्लेखनीय है कि आनंद धाम में प्रतिवर्ष नवरात्रि के पावन अवसर पर इस प्रकार के धार्मिक आयोजन साल में दो बार आयोजित किए जाते हैं। इन आयोजनों में न केवल जबेरा नगर बल्कि आसपास के जिलों एवं अन्य प्रदेशों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचते हैं और आध्यात्मिक वातावरण में भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त करते हैं।